एक नजर में

## भूकंप और आपदाओं से निपटने का विद्यार्थियों को मिला प्रशिक्षण




**खण्डवा ।** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार आज गौरीकुंज सभागृह में भूकंप पूर्व तैयारी विषय पर एक दिवसीय महत्वपूर्ण कार्यशाला संपन्न हुई। जिला प्रशासन, होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सत्र में स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थियों को जीवन रक्षा के गुर सिखाए गए।

कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर दीक्षा भगोरे ने आपदा के समय सजगता और मानसिक दृढ़ता के महत्व पर प्रकाश डाला। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट आशीष कुमार कुशवाहा ने आपदा प्रबंधन की बारीकियों और सावधानियों से अवगत कराया। कार्यशाला में तकनीकी सत्रों के माध्यम से विशेषज्ञता साझा की गई, जिसमें प्लाटून कमाण्डर रविन्द्र महिवाल ने भूकंप पूर्व तैयारियों का खाका प्रस्तुत किया।

विशेष आकर्षण पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रोफेसर कमल बख्तयापुरी का प्रेजेंटेशन रहा, जिसमें उन्होंने ध्वस्त इमारतों में खोज और बचाव की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी। वहीं, मेडिकल ऑफिसर डॉ. विशाल कुमार ने सीपीआर तकनीक का महत्व समझाया, जिसका सजीव प्रदर्शन एसडीईअसएफ के जवानों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक उपनिरीक्षक अंकेश सोमानी ने किया।

## हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जाँच की



**खंडवा ।** गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हर माह की 9 एवं 25 तारीख को सरकारी अस्पतालों में स्त्री रोग विशेषज्ञ व चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच कर उपचार किया जाता है। इसी क्रम में बुधवार को जिले के सरकारी अस्पतालों में कुल 515 हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जाँच विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की गई। जांच के दौरान स्वास्थ्य सम्बंधी जटिलताओं वाली चिन्हित गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी कराई जाती है। उन्होंने बताया कि हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की एनीमिया, उच्च रक्तचाप, शुगर की जांच की जाती है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान गर्भवती महिलाओं को डॉक्टर्स द्वारा काउंसलिंग कर उन्हें पोषणयुक्त भोजन सेवन करने की सलाह दी गई। साथ ही गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पतालों में प्रसव कराने की समझाइश भी दी गई।

## 62 वर्षों से मनाया जा रहा है गणगौर उत्सव

**खण्डवा।** झमराल समाज खण्डवा का 62 वा वर्ष इस साल में पूर्ण हुआ है यहां प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गणगौर उत्सव बहुत ही हर्ष उल्लास से मनाया गया। विधि विधान से माता की पूजा पाठ की गई। झमराल चौक में माताजी के रथ को दूसरे दिन रोका गया एवं तीसरे दिन माताजी का भंडारा करके विसर्जन किया गया।समाजसेवी नारायण बाहेती व सुनील जैन ने बताया कि इस आयोजन में विधायक श्रीमती कंचन तनवे, महापौर श्रीमती,अमृता यादव सहित जन प्रतिनिधियों ने भी उपस्थिति दर्ज कर माता जी के गणगौर पर्व की समाजजनों को शुभकामनाएं दी ।महापौर अमृता अमर यादव ने गणगौर पर्व के बारे में जानकारी दी। इस उत्सव में आम जनमानस के साथ-साथ समाज के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे। देवेंद्र डांडगे, बाबूलाल बिढारे, ललित ढास्के, कमल बिढारे, राजेश ढास्के, प्रवीण ढास्के, मोहन डांडगे,बिरजू जामने,रविन्द्र बिढारे , अनिल बिढारे, आदित्य ढास्के, अंकलेश बिढारे, महेंद्र सावले, ज्ञानेश्वर डांडगे, सुरेंद्र बिढारे, प्रदीप बिढारे, देवेंद्र बिढारे, हेमू बछाने,मोंटी जामने, नितेश बछाने शामिल रहे।

## आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन आज

**खंडवा।** सिंधी कॉलोनी के बगीचा ग्राउंड में विगत 5 दिन से जारी खंडवा के प्रथम आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन 26 मार्च गुरुवार शाम होगा।

सिंधी समाज के प्रवक्ता कमल नागपाल और हनुमानगढ़ अखाड़ा के मनीष कुमार मलानी ने जानकारी देते हुए बताया कि पूज्य सिन्धी पंचायत और सिंधी सेवा मंडली के सहयोग से 22 मार्च से जारी इस शिविर में लगभग 280 बालिकाएं, महिलाएं और बच्चे आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

राष्ट्रीय स्तर के कीर्तिमान होल्डर प्रशिक्षक बलवंत सिंह देवड़ा और उनके सहयोगी आत्मरक्षा के गुर सिखा रहे हैं।बुधवार को बालाजी ग्रुप के संस्थापक रितेश गोयल भी शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए और प्रशिक्षकों के समक्ष आत्मरक्षा के विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उत्साहवर्धन किया और आयोजक गणों को इस विशेष कार्यक्रम के लिए बधाई प्रेषित की। गुरुवार शाम 6 बजे से शिविर के समापन में विभिन्न गणमान्य अतिथि शामिल होंगे,सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे एवं 5 दिनों में सिखाई गई कलाओं का अंतिम प्रदर्शन भी ग्राउंड पर देखने को मिलेगा।

## मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर दिया सेवा और स्वच्छता का संदेश

**खण्डवा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला चिकित्सालय में विविध सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वच्छता संकल्प' को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान करते हुए अस्पताल परिसर में स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिलाओं एवं अन्य मरीजों को फलों का वितरण किया। इसके साथ ही नवनिर्मित आईसीयू हॉल का सूक्ष्म निरीक्षण कर वहाँ उपचाररत मरीजों से भेंट की। कार्यकर्ताओं ने मरीजों के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस सेवा कार्य में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हरीश कोटवाले एवं सेवादास पटेल, जिला मंत्री प्रशांत मिश्रा, मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव और पार्षद आशीष चटकले सहित प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अफवाहों की आग में खंडवा का ईंधन तंत्र

### प्रशासन ने दी घरों में पेट्रोल न रखने की चेतावनी

**खण्डवा।** प्रदेश सहित देशभर में परिवहन और ईंधन आपूर्ति को लेकर फैली असमंजस की स्थिति और सोशल मीडिया पर तैरती अफवाहों का सीधा असर अब खंडवा जिले में पूरी तरह से दिखाई देने लगा है। बुधवार का दिन जिले के वाहन मालिकों और आम जनता के लिए भारी उथल-पुथल भरा रहा।

सुबह होते ही जैसे ही पेट्रोल-डीजल की कमी की खबर आग की तरह फैली, शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक के पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। दोपहर ढलते-ढलते स्थिति यह हो गई कि जिले के 50 से अधिक प्रमुख पेट्रोल पंपों पर स्टॉक पूरी तरह समाप्त हो गया और वहां 'नो स्टॉक' के बोर्ड लटका दिए गए।

ईंधन की इस अप्रत्याशित कमी के पीछे वास्तविक आपूर्ति से कहीं अधिक 'पैनिक बाइंग' यानी घबराहट में की गई खरीदारी मुख्य कारण रही। संकट की आशंका के चलते लोग अपनी तत्कालीन आवश्यकता को दरकिनार कर अपनी गाड़ियों की टंकियां फुल कराने और अतिरिक्त कैन भरने की होड़ में लग गए। इसके चलते पेट्रोल पंपों का वह बैकअप स्टॉक जो सामान्यतः दो से तीन दिन चलता था, वह चंद घंटों में ही खत्म हो गया। आलम यह रहा कि सैकड़ों वाहन चालक चिलचिलाती धूप में एक पंप से दूसरे पंप की खाक छानते नजर आए, जिससे पूरे जिले की परिवहन व्यवस्था चरमरा गई और आवश्यक सेवाओं पर भी संकट के बादल मंडराने लगे।

इस गंभीर स्थिति के बीच सबसे डरावना पहलू लोगों द्वारा




पेट्रोल को बोतलों, कैनों और ड्रमों में भरकर घरों में संग्रहित करना है। प्रशासन ने इस पर सख्त रुख अपनाते हुए नागरिकों को आगाह किया है कि वे इस तरह की जानलेवा गलती न करें। पेट्रोल पंप संचालक प्रकाश नरेडी के अनुसार, पेट्रोल एक अत्यंत ज्वलनशील पदार्थ है और वर्तमान में जारी भीषण गर्मी और बढ़ता तापमान इसे और भी खतरनाक बना देता है। बंद कमरों या घरों में रखे पेट्रोल के पात्रों में गैस बनने और उच्च तापमान के कारण स्वतः आग लगने या विस्फोट होने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। ऐसा करना न केवल उस परिवार के लिए, बल्कि समूचे रिहायशी इलाके के लिए एक बड़े अग्निकांड का निमंत्रण साबित हो सकता है।

जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से नागरिकों से धैर्य रखने और केवल अनिवार्य आवश्यकता होने पर ही वाहन चलाने की अपील की है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि ईंधन की आपूर्ति को सुचारू बनाने के लिए तेल कंपनियों के डिपो से निरंतर संपर्क साधा जा रहा है और टैंकरों के माध्यम से जल्द ही सभी पंपों तक स्टॉक पहुँचा दिया जाएगा। जनता से बार-बार अनुरोध किया जा रहा है कि वे भ्रामक सूचनाओं और अफवाहों पर ध्यान न दें, क्योंकि अनावश्यक भीड़ और जमाखोरी ही इस कृत्रिम संकट को बढ़ावा दे रही है। फिलहाल, प्रशासन उन लोगों पर भी नजर रख रहा है जो इस स्थिति का फायदा उठाकर पेट्रोल की कालाबाजारी या असुरक्षित भंडारण कर रहे हैं।

## फसल खरीदी 1 अप्रैल से, तो कर्ज वसूली 28 मार्च को क्यों?

### किसान संघ ने बैठक में अधिकारियों के सामने रखीं माँगें

**खंडवा।** जिला पंचायत सभागार में आज भारतीय किसान संघ और जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के बीच निर्णायक चर्चा संपन्न हुई। आगामी 1 अप्रैल से शुरू होने जा रही गेहूं एवं चना खरीदी को लेकर आयोजित इस बैठक में अपर कलेक्टर केआर बडोले, सृष्टि देशमुख और डीडीए नितेश यादव की मौजूदगी में किसानों ने अपनी माँगें रखीं। भारतीय किसान संघ ने प्रशासन को इस वर्ष गेहूं और चने की फसल उच्च गुणवत्ता की है, लिहाजा उपार्जन केंद्रों पर किसानों को मिट्टी या कचरे का बहाना बनाकर कतई परेशान न किया जाए। संघ ने दो टूक कहा कि खरीदी केंद्रों पर केवल कागजी इंतजाम नहीं, बल्कि लाइट, पानी



और छाया की पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए और संभव हो तो सीधे ट्रॉलियों से तौल की व्यवस्था की जाए ताकि किसानों का समय बच सके। बैठक में सबसे ज्वलंत मुद्दा कर्ज वसूली की तारीख को लेकर उठा। संघ ने प्रशासन की नीति पर सवाल उठाते हुए पूछा कि जब सरकार खुद फसल की खरीदी 1 अप्रैल से शुरू कर रही है, तो बैंकों द्वारा ऋण वसूली की तारीख 28 मार्च रखना किसानों के साथ सरासर अन्याय है।

ज्ञापन के जरिए पुरजोर माँग की गई कि इस तारीख को बढ़ाकर 31 मई 2026 किया जाए ताकि किसान अपनी उपज बेचकर सम्मानजनक तरीके से कर्ज चुका सके। वहीं, आगामी सीजन में खाद की किल्लत से बचने के लिए डीडीए नितेश यादव ने टोकन प्रणाली और प्रोजेक्टर के माध्यम से एडवांस बुकिंग की बारीकियां समझाईं। बैठक में जिला अध्यक्ष राधेश्याम चच्चरिया, जिला मंत्री सुभाष पटेल और मीडिया प्रभारी अभिषेक गंगराड़े सहित जिले भर के प्रमुख किसान नेता मौजूद रहे, जिन्होंने साफ कर दिया कि किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## श्री कृष्ण बालाजी नगर में अब हॉलिडे होम बनेंगे आय का जरिया




**ओंकारेश्वर। विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर के समीप अब श्रद्धालुओं और निवेशकों के लिए निवेश का एक अनूठा अवसर सामने आया है। सनावद में ओंकारेश्वर से मात्र 7 किलोमीटर की दूरी पर बालाजी ग्रुप द्वारा श्री कृष्ण बालाजी नगर नामक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई है। इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी विशेषता यहाँ का हॉलिडे होम कॉन्सेप्ट है, जो निवेश के साथ-साथ शानदार रिटर्न की गारंटी भी देता है।**

इस योजना के अंतर्गत निवेशक अपना निजी हॉलिडे होम क्रय कर सकते हैं। इसका दोहरा लाभ यह है कि जब भी निवेशक या उनके अतिथि दर्शन हेतु आएंगे, उनके पास अपना निजी आवास उपलब्ध रहेगा। वहीं, उनकी अनुपस्थिति में बालाजी ग्रुप इस संपत्ति का पूर्ण रखरखाव करेगा और इसे आने वाले पर्यटकों को किराए पर उपलब्ध कराएगा। इससे निवेशकों को प्रतिमाह आकर्षक रेंटल आय प्राप्त होगी और उनकी प्रॉपर्टी सदैव सुरक्षित व स्वच्छ बनी रहेगी। ओंकारेश्वर में वर्षभर रहने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण यहाँ प्रीमियम आवास की सदैव उच्च मांग रहती है। भविष्य में प्रॉपर्टी के दामों में होने वाली वृद्धि और नियमित रेंटल इनकम इसे एक बेहतरीन व्यापारिक विकल्प बनाती है। बालाजी ग्रुप के संस्थापक रितेश गोयल के अनुसार, उनका उद्देश्य एक ऐसा प्लेटफॉर्म देना है जहाँ आपकी प्रॉपर्टी ही आपकी कमाई का जरिया बने।

## लायन्स क्लब द्वारा ग्रीष्मकालीन प्याऊ एवं भोजन सेवा



**खण्डवा।** लायन्स क्लब एवं लियो क्लब द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए शहर के विभिन्न स्थानों पर ग्रीष्मकालीन प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस सेवा कार्य का मुख्य उद्देश्य राहगीरों, मरीजों और जरूरतमंदों को शीतल जल उपलब्ध कराना है। जिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में वरिष्ठ लायन डॉ राजेन्द्र सोडानी एवं अनिल मोदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। क्लब अध्यक्ष आशा उपाध्याय एवं उनकी टीम के नेतृत्व में अतिथियों ने प्याऊ का विधिवत शुभारंभ किया। नगर निगम के सहयोग से शहर के अन्य प्रमुख स्थानों पर भी जल्द ही प्याऊ लगाए जाएंगे। इस अवसर पर अतिथियों ने क्लब द्वारा संचालित भोजन सेवा केंद्र का अवलोकन भी किया और स्वयं अपने हाथों से मरीजों के परिजनों को भोजन परोसा। डॉ. सोडानी ने केंद्र की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकल्प ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान बनाई है। कार्यक्रम में रणवीर सिंह चावला, नारायण बाहेती सहित बड़ी संख्या में क्लब सदस्य उपस्थित रहे।

## श्री गुरुनानक स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**खंडवा।** श्री गुरुनानक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने वार्षिक परीक्षा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। हाल ही में घोषित कक्षा 5वीं और 8वीं (हिंदी व अंग्रेजी माध्यम) के परीक्षा परिणामों में विद्यालय का प्रदर्शन 100 प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों में हर्ष का माहौल है।

परीक्षा परिणामों में छात्राओं ने विशेष रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थानों पर कब्जा जमाया। कक्षा आठवीं में अदिति संजय पाटिल ने 82% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं आसिफा अजीज मंसूरी ने 74% अंक पाकर द्वितीय स्थान हासिल किया। कक्षा पांचवीं में सादिया मोहम्मद फिरोज खोकर ने 83.5% अंकों के साथ कक्षा में टॉप किया। तृप्ति राजेश जायसवार ने 79.75% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर श्री गुरुनानक शिक्षा समिति के प्रबंधक एवं प्राचार्य महोदय ने समस्त सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

## निमाड़ लोकपर्व गणगौर पर तीन दिवसीय कार्यशाला

**खंडवा।** डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय में निमाड़ के लोकपर्व गणगौर पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन उत्साहपूर्वक हुआ। समापन अवसर पर ग्राम इटारिया की लोकगायन मंडली के वनवासी युवक-युवतियों ने पारंपरिक निमाड़ी लोकगीतों की प्रस्तुति देकर क्षेत्र की समृद्ध कला एवं संस्कृति को जीवंत कर दिया। यह आयोजन कुलपति डॉ. अरुण जोशी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलसचिव श्री रवि चतुर्वेदी तथा वनमाली सृजन पीठ



संयोजक श्रीमती गीतिका चतुर्वेदी रहीं।

कार्यशाला के प्रथम दिवस 'गणगौर पर्व: परंपरा, सृजन और लोक अभिव्यक्ति' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने निमाड़ की सांस्कृतिक परंपराओं पर अपने विचार व्यक्त किए। द्वितीय दिवस में कला प्राध्यापिका श्रीमती वेदवती पाल के निर्देशन में गणगौर प्रतिमा निर्माण का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें छात्रों ने रनुबाई-धनियर राजा की सुंदर प्रतिमाएं तैयार कीं।

समापन सत्र में आदिवासी कलाकारों ने लोकगीत, भजन एवं सामाजिक जागरूकता के गीत प्रस्तुत किए। साथ ही विश्वविद्यालय की छात्राओं ने गणगौर गीत पर समूह नृत्य तथा दिया सैनी ने दीप नृत्य की एकल प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संयोजन देवास उईके, समन्वय डॉ. नुसरत शेख तथा संचालन श्रीमती ज्योति गौर ने किया। अंत में आभार व्यक्त किया गया।

## कांग्रेस की नई जिला कार्यकारिणी और ब्लॉक अध्यक्षों का स्वागत

**खण्डवा।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय गांधी भवन में बुधवार को एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों और जिला कार्यकारिणी के नवीन पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि पार्टी ने संगठन की परंपरा को निभाते हुए पूर्व ब्लॉक अध्यक्षों को भी उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) उत्तमपाल सिंह ने कहा कि नई जिम्मेदारी का मुख्य कार्य संगठन को धरातल पर मजबूत करना




है। उन्होंने पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे जनसंपर्क बढ़ाएं और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) प्रतिभा रघुवंशी ने वरिष्ठों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि अनुभवी नेताओं के मार्गदर्शन से ही संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाना संभव होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर बैठने के बजाय सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

बैठक में वरिष्ठ नेताओं ने आगामी रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की। डॉ. मुनीश मिश्रा ने सभी को मिल-जुलकर कार्य करने की समझाइश दी, वहीं कुंदन मालवीय और राजनारायण सिंह ने कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि वे हर सुख-दुख में उनके साथ खड़े हैं। कार्यक्रम में संजय पाटीदार, पंधाना ब्लॉक अध्यक्ष संजीव पटेल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन प्रियेश चौकड़े ने किया और आभार राजकुमार कैथवास ने व्यक्त किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में पूर्व विधायक राजनारायण सिंह, शांतनु दीक्षित, दीपक राठौर, सलीम पटेल, प्रफुल्ल जैन, ओंकार पटेल, श्रीराम पटेल, मनोज भरतकर, अनिल जाधव और धर्मेंद्र सिंह राठौर सहित पंधाना, हरसूद और मांधाता विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिला प्रवक्ता प्रेमांशु जैन के अनुसार, पार्टी अब जिले भर में जनसंपर्क अभियान शुरू करने की तैयारी में है।